संक्रमण की रोकथाम करना (Preventing infection)

रोगाणुओं का फैलाव सीमित करने में मदद हेतु, यूनिट में प्रवेश करने से पहले हमेशा और फिर वहां से बाहर जाने से पहले फिर से अपने हाथ साफ़ करें। आप यूनिट के अंदर ही सिंक पर अपने हाथ धो सकते हैं।

यूनिट में रहते हुए भी अक्सर अपने हाथ धोएं या पूरी यूनिट में लगे हुए अल्कोहल के मिश्रण से बने हैंड रब का उपयोग करें।

यूनिट में और प्रतीक्षा-स्थल में प्रतीक्षा करते समय आपको अस्पताल वाला चेहरे का मास्क अवश्य लगाना चाहिए। यदि मास्क, दस्ताने और विशेष गाउन पहनने जैसी अतिरिक्त सावधानियों की ज़रूरत है, तो इस बारे में आपको नर्स बताएगी।

यदि आप बीमार हैं, तो कृपया मुलाकात के लिए न आएं।
Please do not visit if you are sick.

सामान्य नीतियां (General policies)

ख़ुशबू मुक्त (Scent Free): अस्पताल में हम ख़ुशबू और महक का उपयोग नहीं करते। कृपया ख़ुशबू वाले उत्पाद न पहनें। कुछ मरीज़ों और स्टाफ़ को ख़ुशबूओं से अलर्जी हो सकती हैं।

फूल (Flowers): कोई ख़ुशबू नहीं, संबंधी हमारी नीति के कारण हम यूनिट में फूल लाने की आज्ञा नहीं देते।

भोजन और ड्रिंक्स (Food and Drinks): हमारे कई मरीज़ खा या पी नहीं सकते। कृपया इस बात का ध्यान रखें कि आपको खाते हुए या पीते हुए देखने के कारण, मरीज़ परेशान हो सकता है। यदि मरीज़ आपको भोजन लाने के लिए कहता है, तो कृपया पहले नर्स से पता करें कि ऐसा करना ठीक है या नहीं।

सैल फोन (Cell Phones): शोर कम रखने के लिए, कृपया यूनिट में प्रवेश करने से पहले अपना फोन वाइब्रेट पर रखें या इसे बंद करें। कॉल करने के लिए कृपया यूनिट से बाहर जाएं।

बिजली के उपकरण (Electronic Devices): आप संगीत और अन्य रिकॉर्डिंग के लिए हैडफोन के साथ उपकरण ला सकते है। मरीज़ के पास छोड़े गए किसी भी उपकरणों या अन्य कीमती सामान के लिए हम ज़िम्मेदार नहीं हैं। छोड़े गए किसी भी उपकरणों पर लेबल लगाएं।

फोटोज़ (Photos): नर्स या सामाजिक कार्यकर्ता के साथ पहले बातचीत किए बिना, हम मरीज़ों, स्टाफ़ या मरीज़ से जुड़े उपकरणों की फोटो, वीडियो या ऑडियो रिकॉर्डिंग की अनुमति नहीं देते।

मरीज़ का सामान (Patient belongings)

हम आपको हियरिंग मशीनें (श्रवण-यंत्र) और बैटरियां, चश्मे और नकली दांत जैसा सामान लाने के लिए कह सकते हैं। जगह की कमी के कारण, कृपया अन्य सारा कीमती सामान और निजी सामान घर ले जाएं।

भोजन सेवाएं (Food services)

कैफेटेरिया

लेवल 2

ईस्ट बिल्डिंग (ऑरेंज जोन)

सप्ताह के दिनों में सुबह 8:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक खुला रहता है।

सप्ताहांत सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक खुला रहता है।

टिम हॉर्टन्स लेवल 2

ईस्ट बिल्डिंग (ऑरेंज जोन)

कार्य-दिवस सुबह 6:30 से शाम 6:30 बजे तक खुला।

सेकेंड कप कॉफी लेवल 1

क्रिटिकल केयर टावर (ग्रीन जोन)

24 घंटे खुला

अन्य खाद्य सेवाएं

किंग जॉर्ज बुलेवार्ड और 96वें एवेन्यू पर अस्पताल के सामने कई प्रकार के रेस्तरां और कैफे स्थित हैं

इसे बेहतर बनाने में हमारी मदद करें Help us improve

Step 1

स्मार्ट उपकरण का उपयोग करना:

- कैमरा खोलें और इस क्विक रिस्पॉन्स (QR) कोड पर घुमाएं, **या**
- QR कोड रीडर ऐप डाउनलोड करें, फिर कोड स्कैन करें, **या**
- अपने वैब ब्राउज़र में यह वेब पता भरें।

tinyurl.com/SMHCritCare पर जाने के लिए यहां टैप करें

यदि आप यह संदेश देखते हैं, तो शुरू करने के लिए लिंक पर टैप करें।

पड़ाव 2

सर्वेक्षण भरें। इसमें लगभग 5 मिनट लगते हैं।
कृपया कोई भी निजी जानकारी छोड़ें।

किसी भी समय, हमारी देखभाल संबंधी जब आपका कोई बहुत ज़रूरी प्रश्न या चिंता है, तो कृपया देखभाल प्रदाता, मरीज़ की देखभाल संबंधी कोऑर्डिनेटर या यूनिट प्रबंधक से बात करें।

आपकी फ़ीडबैक बहुमूल्य है और मरीज़ का अनुभव बेहतर बनाने में हमारी मदद करती है।
हम मरीज़-परिवार केन्द्रित देखभाल हेतु प्रतिबद्ध हैं।
धन्यवाद!

सरी मेमोरियल अस्पताल
13750 – 96 एवेन्यू
सरी, बी.सी. V3V1Z2

www.fraserhealth.ca

यह जानकारी, आपके स्वास्थ्य-देखभाल प्रदाता द्वारा दी गई सलाह का स्थान नहीं ले सकती।

Catalogue #262899 (May 2023) Hindi
For more copies: patienteduc.fraserhealth.ca

Hindi

इंटेंसिव केयर यूनिट (ICU)

आगंतुक सूचना
सरी मेमोरियल अस्पताल
Intensive Care Unit Visitor Information

Surrey Memorial Hospital

5वीं और 6ठी मंजिल पर स्थित
क्रिटिकल केयर टॉवर
टॉवर **5** इंटेंसिव केयर यूनिट
604-588-3306
टॉवर 6 इंटेंसिव केयर यूनिट
604-588-3315

fraserhealth

(हमारा मिशन)

नैतिक, साक्ष्य-आधारित प्रैक्टिस प्रदान करते हुए गंभीर रूप से बीमार मरीज़ों की देखभाल में उत्कृष्टता तथा अनुसंधान और शिक्षा में सक्रिय भागीदारी।

हमारी इंटेंसिव केयर यूनिट (ICU) गंभीर रूप से बीमार लोगों को 24 घंटे देखभाल प्रदान करती है।

देखभाल करते समय, विशेष गाउन व दस्ताने पहनना, मास्क लगाना हमारे लिए आम बात है। हम ऐसा कई अलग-अलग कारणों से करते हैं और उनके बारे में आपको समझाने में हमें ख़ुशी होती है।

हमारे साथ बातचीत करना (Communicating with us)

देखभाल टीम को मरीज़ की स्थिति के बारे में सगे परिवार के साथ बातचीत करके ख़ुशी होती है।

आपसी बातचीत को सुव्यवस्थित करने में मदद हेतु, हम आपको "मुख्य संपर्क" के रूप में एक व्यक्ति का चयन करने के लिए कहते हैं। हम चाहते हैं कि मुख्य संपर्क, वह व्यक्ति हो, जो कोई भी संबंधित जानकारी अन्य लोगों तक पहुंचाए। इससे हम अपना समय मरीज़ की देखभाल करने में लगाते हैं।

कृपया हमें उस व्यक्ति का नाम और फोन नंबर उपलब्ध कराएं, जो मुख्य संपर्क होगा।

दुभाषिया सेवाएं, कई भाषाओं में उपलब्ध हैं। यदि आप चाहते हैं कि हम आपके लिए एक दुभाषिए का प्रबंध करें, तो कृपया हमें बताएं।

सगा परिवार (Immediate family): जीवन-साथी या भागीदार, माता-पिता, भाई-बहन, बच्चे तथा कोई भी अन्य व्यक्ति, जो मरीज़ के लिए महत्वपूर्ण है, चाहे वह संबंधित है या नहीं।

मरीज़ से मुलाकात करना (Visiting)

मरीज़ के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण व्यक्ति ही उपचार प्रक्रिया का ज़रूरी हिस्सा होते हैं। हम मरीज़ से मिलने के लिए आने वाले सगे परिवार और करीबी दोस्तों का स्वागत करते हैं। अपने साथ बच्चों को लाने से पहले, नर्स से पता करें।

मुलाकात करने का समय दिन के 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन है। कई बार हम आपको प्रतीक्षा करने के लिए भी कह सकते हैं, जैसे मरीज़ की देखभाल, सुरक्षा कारणों से और शिफ़्ट बदलने के दौरान। हम जानते हैं कि इससे आप परेशान हो सकते हैं। हम आपको धैर्य रखने के लिए कहते हैं। मरीज़ की देखभाल और सुरक्षा को हमेशा प्राथमिकता दी जाती है।

यूनिट में प्रवेश करने के लिए, **जब भी आप मुलाकात के लिए आएं,** तो दो दरवाज़ों के बाहर दीवार पर लगे **इंटरकॉम का उपयोग करें**। दरवाज़ा हर समय बंद रहता है। दरवाज़ा खुलने के लिए कृपया हमारी प्रतीक्षा करें।

हमारे प्रत्येक टॉवर 5 और 6 यूनिटों में एक बड़ा प्रतीक्षा-स्थल है। यह एक साझा स्थान है। कृपया उस स्थान को साफ़-सुथरा रखें। अपना निजी सामान अपने पास रखें।

अपनी मुलाकातों की योजना बनाना (Planning your visits)

गंभीर देखभाल अप्रत्याशित हो सकती है, जबकि ये दिशा-निर्देश आपको अपनी मुलाकात की योजना बनाने में मदद करेंगे।

कृपया ध्यान रखें – हमारे प्रत्येक मरीज़ की आवश्यकताएं अलग-अलग होती हैं और रोज़ाना बदल सकती हैं।

शांत रहें (A quiet presence): मरीज़ यहाँ इसलिए हैं, क्योंकि वे गंभीर रूप से बीमार हैं और शरीर को ठीक करने हेतु उन्हें आराम करने की आवश्यकता होती है। शांत रहने से उपचार में मदद मिल सकती है। मरीज़ को लगातार छूने और बात करने से उन्हें वह आराम नहीं मिल पाता, जिसकी उन्हें ज़रूरत होती है।

शिफ़्ट बदलना (Shift Change): यह शिफ़्ट सुबह और शाम को 7:00 से 9:00 बजे बदलती है।

मरीज़ की मौजूदा नर्स, मरीज़ की देखभाल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी अगली नर्स को सौंपती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि कुछ रह न जाए, इसलिए यह बहुत ज़रूरी है कि इन नर्सों का ध्यान भंग न हो।

रिपोर्ट मिलने के बाद, अगली नर्स मरीज़ का पूरी तरह से मूल्यांकन करती है। इससे नर्स सौंपी गई रिपोर्ट की अपने स्वयं के निष्कर्षों से तुलना कर सकती है। नर्स इस बात की पुष्टि करने के लिए भी सुरक्षा जांच करती है कि सारे उपकरण, मॉनिटर, नसों द्वारा शरीर में दवा/भोजन पहुंचाने वाले पाइप और दवाएं सही हैं और ठीक से काम कर रही हैं।

इस समय के दौरान आपको बाहर प्रतीक्षा करने के लिए कहा जा सकता है।

मुलाकात के समय में बदलाव (Changes in visiting): प्रत्येक मरीज़ की स्वास्थ्य आवश्यकताएं अलग-अलग होती हैं। मरीज़ की स्थिति बदलने के साथ ही आप मुलाकात भी कर सकते हैं। कुछ मामलों में हम, एक बार में कितने लोग मिल सकते हैं, की संख्या सीमित कर सकते हैं। अन्य मामलों में हम कई आगंतुकों को मिलने के लिए भेज सकते हैं। देखभाल करने की स्थितियों की सीमा के भीतर आपकी मुलाकात कराने के लिए, हम हर संभव प्रयास करते हैं।

फोन कॉल्स (Phone calls): हो सकता है कि आप कई कारणों से मुलाकात के लिए अस्पताल में न आ सकते हों। इसलिए हम मरीज़ के मुख्य संपर्क से आने वाली कॉल्स का स्वागत करते हैं। हम कहते हैं कि अपडेट और जानकारी के लिए अन्य लोग मुख्य संपर्क व्यक्ति से संपर्क कर सकते हैं।

मैडिकल अपडेट प्राप्त करना (Getting medical updates)

कई लोग डॉक्टर से अपडेट की उम्मीद करते हैं। गंभीर देखभाल में, मरीज़ की नर्स ही वह कड़ी होती है, जो मुख्य संपर्क को रोज़ाना मैडिकल अपडेट देती है। आवश्यकता होने पर नर्स या सामाजिक कार्यकर्ता, डॉक्टर के साथ औपचारिक योजनाबद्ध मीटिंग का प्रबंध कर सकते हैं।

अपनी स्वयं की देखभाल करना (Taking care of yourself)

इस समय के दौरान, आप कई एहसास, इनमें से कुछ – सदमा, क्रोध, बेचैनी, ध्यान लगाने में परेशानी – महसूस कर सकते हैं। इन सभी के होने की उम्मीद होती है और यह 'सामान्य' बात है।

इस कठिन समय में सबसे ज़रूरी चीज़ों में से एक है, अपना स्वयं का ख़्याल रखना। आपका स्वास्थ्य और फ़िटनैस मरीज़ और हमारे लिए महत्वपूर्ण है।

स्वयं की देखभाल करने के तरीके:

- नियमित तौर पर खाएं।
- सोने के लिए समय निकालें।
- सैर पर जाएं या व्यायाम करें।
- मदद के लिए स्वयं कहें।

यदि आपको मदद, रहने के लिए जगह या मरीज़ से संबंधित वित्तीय या कानूनी मामलों में सहायता की आवश्यकता है, तो हमारे सामाजिक कार्यकर्ता रोज़ाना सुबह 8:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक उपलब्ध होते हैं।
आध्यात्मिक सहायता का प्रबंध करने के लिए, कृपया इस बारे में अपनी नर्स से बात करें।